# कार्यालय : जिला कार्यक्रम अधिकारी, आई0सी0डी0एस0 – कौशाम्बी।

पत्रॉक /जि0का0अ0/आ0बा0चयन/2025–26/दिनॉक 29 नवम्बर, 2025

## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–/2025/3313 /58–1–2025–(1917687) बाल विकास एवं पुष्टाहार अनुभाग, लखनऊ दिनांक 17 सितम्बर 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद कौशाम्बी के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में ऑगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित पूर्व चयन प्रक्रिया से आच्छादित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकिया के तहत विभागीय वेबसाइट http://www.upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है –

| क्रम सं0 | परियोजना का नाम | ग्राम पंचायत / नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत का नाम | यदि नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत है तो वार्ड संख्या व वार्ड का नाम | ऑगनबाड़ी केन्द्र का नाम | ऑगनबाड़ी केन्द्र का कोड | आरक्षण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | शहर स्लम | अझुआ | वार्ड सं0 09 इन्दिरा नगर | इद्रिरा नगर–1 | 09158040111 | UR |
| 2 | मूरतगंज | नगर पालिका परिषद भरवारी | वार्ड 16 देहदानी डा0 राजेन्द्र नगर | बैरिहा | 09158060306 | OBC |
| 3 | मंझनपुर | एदिलपुर | ———————— | नौबरता | 09158050416 | SC |
| 4 | कड़ा | नगर पंचायत दारानगर कड़ा | वार्ड सं0 10 चन्द्रशेखर आजाद नगर | कड़ा 1 | 09158030413 | UR |
| 5 | कड़ा | नगर पंचायत दारानगर कड़ा | वार्ड सं0 10 चन्द्रशेखर आजाद नगर | कड़ा 3 | 09158030415 | OBC |
| 6 | कड़ा | नगर पंचायत दारानगर कड़ा | वार्ड सं0 15 भैरोनाथ नगर | फरहाईमपुर कलेश्वरमऊ 2 | 09158030409 | OBC |

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, नगर पालिका, नगर पंचायतों, सम्बन्धित तहसील, बाल विकास परियोजना, विकास खण्ड के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है, साथ ही विभागीय वेबसाइट http://www.upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन अपलोड है।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. ऑगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष एवं अधिकतम योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार की जायेगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड (शहरी क्षेत्र)/ग्राम सभा (ग्रामीण क्षेत्र) का निवासी होना अनिवार्य है।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि 01 जुलाई 2025 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम तथा अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयु की गणना हाईस्कूल के अंकपत्र/प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि के आधार पर की जायेगी।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://www.upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन ही निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेगें।
6. आवेदिका द्वारा अभिलेखों का स्वहस्ताक्षरित प्रति जो स्वच्छ व पठनीय हो, अपलोड की जाएगी। जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन फार्म में किया गया है।
7. ग्राम सभा/वार्ड से विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता को शासनादेश में वर्णित नियमों के अन्तर्गत नियमानुसार वरीयता दी जायेगी।
8. विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण–पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी।
9. तलाकशुदा/परित्यक्ता के सम्बन्ध में माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश ही मान्य होंगे।
10. आय प्रमाण–पत्र के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के राजस्व अनुभाग–9 द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या 3959/1–9–11–राज0–9 दिनॉक 30.09.2011 (यथासंशोधित) के क्रम में सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण पत्र ही मान्य होगें, जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।
11. गरीबी रेखा की आय सीमा का पुनर्निर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में समाज कल्याण अनुभाग–2 उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 22/2015/2123/26–2–2015 दिनॉक 14 सितम्बर, 2015 (यथासंशोधित) द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में गरीबी रेखा हेतु निर्धारित आय सीमा का अनुपालन किया जायेगा।

(P.T.O)

Scanned with OKEN Scanner

12. निवास व जाति प्रमाण–पत्र के सम्बन्ध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास व जाति प्रमाण–पत्र ही मान्य होगें, जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।
13. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 19.12.2025 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
14. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट http://www.upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है, साथ ही जानकारी हेतु सम्बन्धित विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय विकास भवन, मंझनपुर कौशाम्बी से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(रामेश्वर पाल)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
कौशाम्बी।

पृष्ठॉकन संख्या/C-2529 /दिनॉक–उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1. निदेशक महोदया, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, महोदय कौशाम्बी।
3. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय/अध्यक्ष चयन समिति जनपद कौशाम्बी।
4. समस्त सदस्य ऑ0बा0 कार्यकत्री/सहायिका चयन समिति जनपद कौशाम्बी।
5. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कौशाम्बी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञापित पदों को एन0आई0सी0 के पोर्टल पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
6. जिला सूचना अधिकारी, कौशाम्बी को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त विज्ञापन को स्थानीय एवं प्रदेश स्तर पर कम से कम एक–एक प्रमुख समाचार पत्र में न्यूनतम कॉलम एवं दर पर प्रकाशित करानें का कष्ट करें।
7. सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी जनपद कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त विज्ञापित पदों का पूर्ण विवरण अपने कार्यालय, विकास खण्ड/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, तहसील कार्यालय में चस्पा कराने के साथ–साथ अपने स्तर से उक्त विज्ञापित पदों का व्यापक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करें।
8. कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
कौशाम्बी।



Scanned with OKEN Scanner